## Regarding ring road in Phulpur Parliamentary Constituency

श्री प्रवीण पटेल **(**फूलपुर**) :** माननीय अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र फूलपुर में ग्राम सभा अम्दावा के अंतर्गत तेंदुई, भागीपुर, कुआडिह, गोतावा, सरपतीपुर, भोजपुर, हरूसा, जोहरा, बहादुरपुर, बरियारी, महरौड़ा, मनिकापुर, जगबंधनपुर जैसे 14 गांव हैं, जहाँ से रिंग रोड गई है । वर्ष 2022 में रिंग रोड के लिए जमीनों का अधिग्रहण किया गया था । इसके लिए वहाँ बाजार मूल्य से कम लोगों को मुआवजा दिया गया, जिसके कारण किसानों को काफी परेशानियाँ उठानी पड़ी । अभी यहाँ के किसानों को तब ज्यादा समस्या आ गई जब दिसम्बर, 2024 को आवास विकास परिषद ने उन 14 गांवों की जमीनों को अधिग्रहण के लिए नोटिस देना शुरू किया है ।

मैं आपके माध्यम से मांग करता हूँ कि यहाँ के किसानों की भूमि का अधिग्रहण निश्चित रूप से नहीं किया जाए ताकि यहाँ के किसान अपनी किसानी कर सकें और अपने परिवार के जीवनयापन करने के लिए अच्छी व्यवस्था कर सकें ।